तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **प्रतापराम बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 64 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24 / 09 / 2024	अपीलार्थी प्रतापराम निवासी ग्राम पोस्ट मोरिया, तहसील आउ, फलौदी ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.05.2024 में ग्राम मोरिया का वक्त बन्दोबस्त जारी नक्शा क्रमांक 301 दिनांक 13.01.2023 से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 8547 दिनांक 23.08.2024 से बतलाया कि कार्यालय हाजा के आवक रजिस्टर में आवक संख्या 301 दिनांक 13.01.2023 दर्ज नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर अपेक्षित नही है परंतु लोक सूचना अधिकारी द्वारा उक्त सूचना के स्पष्टीकरण से प्रार्थी को अवगत नही कराया गया है। अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी को प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से अव्रगत कराने हेतु आदेशित किया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण	